भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2429

जिसका उत्तर 10 अगस्त, 2026 को दिया जाना है

कोयला/लिग्नाइट ब्लॉकों का अन्वेषण

2429. श्री अनिल कुमार यादव मंदादी**:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट (सीएमपीडीआई) ने तेलंगाना राज्य सहित पूरे देश में कोयला/लिग्नाइट ब्लॉकों के अन्वेषण का कार्य किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चन्द्र दुबे)

(क) से (ग) : जी, हां। सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएमपीडीआई) द्वारा देश भर में तेलंगाना राज्य सहित निम्नलिखित राज्यों में कोयला/लिग्नाइट ब्लॉकों का अन्वेषण किया गया है -

क्र.सं.	**राज्य**
1	आंध्र प्रदेश
2	अरुणाचल प्रदेश
3	असम
4	बिहार
5	छत्तीसगढ़
6	जम्मू और कश्मीर
7	झारखंड

8	गुजरात
9	मध्य प्रदेश
10	महाराष्ट्र
11	मेघालय
12	मिजोरम
13	नागालैंड
14	ओडिशा
15	राजस्थान
16	सिक्किम
17	तमिलनाडु
18	तेलंगाना
19	उत्तर प्रदेश
20	पश्चिम बंगाल

वर्ष 2025-26 तक, सीएमपीडीआई द्वारा 241 लाख मीटर का अन्वेषण किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय कोयला सूची में लगभग 266 बिलियन टन (बि.ट.) कोयला संसाधनों की संस्थापना हुई है।

तेलंगाना राज्य में कोयला मंत्रालय से वित्त पोषण के माध्यम से गोदावरी घाटी कोलफील्ड के शांतिखानी डिप साइड कोयला ब्लॉक में लगभग 4765 मीटर ड्रिल किया गया है।

****